# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–16.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कल रात हुई भगदड़ की जांच के लिए गठित समिति में रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक नरसिंह देव और प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त पंकज गंगवार को शामिल किया गया है। समिति ने जांच के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का वीडियो फुटेज मांगा है। दिल्ली पुलिस भी भगदड़ से पहले के घटनाक्रम का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करेगी। रेलवे ने इस घटना में मारे गये लोगों के परिजनों को दस–दस लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को ढाई–ढाई लाख रुपये और मामूली रूप से घायल लोगों को एक–एक लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। इस बीच, भगदड़ की इस घटना में मरने वाले लोगों की संख्या 18 पहुंच गई है। मृतकों में 11 महिलाएं और पांच बच्चे भी शामिल हैं। कई लोग घायल भी हैं। भगदड़ से पहले, स्टेशन पर प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ थी। घायलों को नई दिल्ली के लोक नारायण जयप्रकाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली के मेजर ध्यानचन्द स्टेडियम में आदि महोत्सव–2025 का उद्घाटन करेंगी। यह महोत्सव जनजातीय समुदायों की उद्यमिता, हस्तशिल्प, संस्कृति और खान–पान तथा वाणिज्यिक जनजीवन को लोगों से परिचित कराता है। जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास ने बताया कि महोत्सव जनजातीय शिल्पकारों और उद्यमियों को अपने उत्पादों और कृतियों को विभिन्न राज्यों के समक्ष प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करता है। इस महोत्सव में छह सौ से अधिक जनजातीय उद्यमी भाग लेंगे।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नयी दिल्ली के भारत मंडपम में भारत टेक्स–2025 में भाग लेंगे। इसमें 120 से अधिक देशों के नीति निर्माता और वैश्विक सीईओ, प्रदर्शक, अंतरराष्ट्रीय खरीदार भाग लेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने जानकारी दी कि भारत टेक्स 2025, एक व्यापक स्तर का वैश्विक कार्यक्रम है और यह 17 फरवरी तक चलेगा।

*******************

तमिलनाडु और काशी के बीच सांस्कृतिक और बौद्धिक संबंधों को प्रोत्साहित करने की पहल–काशी तमिल संगमम का तीसरा संस्करण आज वाराणसी में शुरू हुआ। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री एल. मुरूगन और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सांस्कृतिक समारोह का उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य तमिलनाडु और काशी के बीच प्राचीन सभ्यता के बंधन को मजबूत करना है।

*******************

ऊर्जा मंत्रालय ने चंद्रपुरा में 800 मेगावाट के दो अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट की स्थापना के लिए मंजूरी प्रदान कर दी है। यह पावर प्लांट डीवीसी और कोल इंडिया लिमिटेड का संयुक्त उद्यम होगा। इस परियोजना में लगभग **16 हजार 425 करोड़** रुपये खर्च होने का अनुमान है। इससे डीवीसी की वर्तमान विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। वर्ष 2030 तक, डीवीसी की विद्युत उत्पादन क्षमता 14 से 15 हजार मेगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है।

*******************

झारखण्ड पर्यटन विभाग की पहल पर जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट पर पहली बार स्काई डाइविंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव 23 फरवरी तक चलेगा। राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने इस महोत्सव का उदघाटन किया। इस मौके पर श्री कुमार ने कहा कि झारखण्ड सरकार राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के प्रयास कर रही है।

*******************

भुवनेश्वर में खेले जा रहे महिला हॉकी प्रो लीग के सीजन के अपने पहले मैच में भारत ने इंग्लैंड को 3–2 से हरा दिया। भारत की ओर से वैष्णवी, दीपिका और नवनीत ने एक–एक गोल किया। वहीं एफआइएच पुरूष प्रो लीग मैच में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। स्पेन ने भारत को 3–1 से पराजित किया।

*********समाप्त*********